दिनांक 30 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

शौचालयों में बेहतर व्यवस्था , निगम के अधिकारी कर्मचारी कर रहे प्रतिदिन निरीक्षण

-स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत शहर की सफाई व्यवस्था में जुटा निगम प्रशासन

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका उपयोग कर सके और खुले में शौचमुक्त शहर बन सके। महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में भिलाई को शीर्ष स्थान पर लाने स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डो के तहत् कार्य करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये हुए हैं , जिसके तहत् जोन के अधिकारी प्रतिदिन अपने क्षेत्रों में सड़क , नालियों और शौचालयों के सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। आयुक्त ने निर्देशित किया है कि समस्त सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालय की स्थिति बेहतर हो किसी भी प्रकार की असुविधा शौचालय में उपयोग करने वालों को न हो इसके लिए शौचालयों की सीट एवं मूत्रालय हमेशा साफ एवं उपयोग योग्य होना चाहिए, वाश बेसिन व फर्श साफ सुथरा रहे। भिलाई निगम क्षेत्र में सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों में बेहतर व्यवस्था बनाने प्रतिदिन सफाई करने के साथ ही नया रंग रोगन किया गया है। शौचालय में आइना, कूड़ादान, जल की उपलब्धता, हाथ धोने के लिए साबुन, पानी और नल होना सुनिश्चित किया गया है। शौचालय में सभी प्रकार की सुविधाओं को ध्यान देकर मरम्मत एवं संधारण भी किया जा रहा है! रात्रि में पर्याप्त रोशनी के लाइट लगाई जा रही है। निगम आयुक्त श्री रघुवंशी ने निर्देश दिया है कि स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत् सभी शौचालयों में महिलाओं व पुरूषों के लिए पृथक-पृथक प्रवेश द्वार होना चाहिए। इसके अलावा दिव्यांग व निःशक्तजनों हेतु रैंप, व सीढ़ियो की व्यवस्था आवश्यकतानुसार की जाए। राहगीरों को शौचालय की जानकारी दूर से प्राप्त हो सके इसके लिए संकेतक चिन्ह शौचालय के समीप निश्चित दूरी पर लगे होने चाहिए। शौचालय के संचालन एवं रखरखाव के लिए भी मापदंड निर्धारित किए गए है, जिसमें शौचालयों से निकलने वाले गंदगी को नदी , तालाब व अन्य जलस्रोत वाले स्थानों पर खुले में नहीं बहाया जाए।

जनसम्पर्क अधिकारी